# राजनाथ सिंह ने भरा चुनावी जोश, 60 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य

## हरिद्वार में बोले रक्षा मंत्री- हिमालय की तरह अडिग है धामी सरकार, कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने और जनता से संवाद बढ़ाने के दिए नौ सुझाव

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, हरिद्वार :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को हरिद्वार में भाजपा की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उत्तराखंड में लगातार तीसरी बार पार्टी की सरकार बनने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार हिमालय की तरह अडिग है। दुनिया की कोई ताकत भाजपा की हैट्रिक नहीं रोक सकती। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पिछले चुनावों की तुलना में अधिक बहुमत से सरकार बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा का संगठन देवदार के वृक्ष की तरह मजबूत है। पार्टी को सत्ता में रहने या नहीं रहने की स्थिति में भी अपनी विचारधारा से समझौता नहीं करना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की एकता बनाए रखने, जनता से निरंतर संवाद करने, युवाओं को जोड़ने और सरकार की उपलब्धियां लोगों तक पहुंचाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मंत्री पद शक्ति प्रदर्शन





का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की सेवा करने का दायित्व है। पार्टी का उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि देश और प्रदेश में बदलाव लाना है।

हरिद्वार के प्रेमनगर आश्रम में आयोजित दो दिवसीय बैठक में प्रदेशभर से करीब 890 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश प्रभारी राम माधव, सह प्रभारी बांसुरी स्वराज और अरविंद मेनन सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और सरकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने पर चर्चा हुई। साथ ही वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति तैयार की गई। बैठक में राजनीतिक और आर्थिक प्रस्ताव भी पारित किए गए।

राजनीतिक प्रस्ताव में समान नागरिक संहिता, नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी प्रावधान और सख्त भू-कानून की दिशा में किए गए प्रयासों का उल्लेख किया गया। प्रस्ताव के अनुसार, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत 36 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में नियुक्तियां मिली हैं। राज्य में करीब 2,200 नवउद्यम और आठ हजार से अधिक गृह आवास पर्यटन इकाइयों को रोजगार के नए अवसरों से जोड़ा गया है। पलायन में 44 प्रतिशत कमी आने का भी दावा किया गया। प्रस्ताव में केदारनाथ पुनर्निर्माण, बदरीनाथ धाम की विकास योजना, मानसखंड मंदिर माला मिशन और वर्ष 2027 में हरिद्वार में होने वाले कुंभ की तैयारियों का उल्लेख किया गया। सड़क और रेल संपर्क बढ़ाने के लिए चारधाम महामार्ग, दिल्ली-देहरादून द्रुतगामी मार्ग, सिलक्यारा-बड़कोट सुरंग और ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना को महत्वपूर्ण बताया गया। महिलाओं के लिए सरकारी सेवाओं में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, सहकारी समितियों में 33 प्रतिशत आरक्षण और स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक सहयोग देने की योजनाओं का भी उल्लेख हुआ। किसानों के लिए ब्याजमुक्त ऋण, कृषि यंत्रों पर अनुदान और जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात कही गई। प्रस्ताव में वर्ष 2022 के बाद राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में 50 प्रतिशत और प्रति व्यक्ति आय में 41 प्रतिशत वृद्धि का दावा किया गया। अंत में कार्यकर्ताओं से बूथ और पन्ना प्रमुख स्तर तक संगठन मजबूत कर वर्ष 2027 के चुनाव में 60 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लेने को कहा गया।

### मुख्यमंत्री ने संबोधित किया

उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव-2027 को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी चुनावी तैयारियों को तेज कर दिया है। रविवार को हरिद्वार के प्रेमनगर आश्रम में आयोजित पार्टी की दो दिवसीय विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के दूसरे दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दावा किया कि भाजपा प्रदेश में जीत की हैट्रिक लगाते हुए बड़े बहुमत के साथ फिर सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जीत का संकल्प लेकर कार्यकर्ता बैठक से लौटेंगे और पार्टी को फिर सत्ता में लाने के लिए पूरी ताकत से जुटेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए लाखों कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करेंगे। कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों तथा विकास कार्यों को पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास की जो गंगा आगे बढ़ रही है, उसे और अधिक गति से प्रवाहित करने के लिए भाजपा फिर से सरकार बनाने के संकल्प के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव में जीत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव में

### उत्तराखंड में जीत की हैट्रिक के साथ बड़े बहुमत से सरकार बनाएगी भाजपा : धामी

पार्टी की सफलता के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण होगी। बैठक में संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, बूथ स्तर पर पार्टी की पकड़ मजबूत करने तथा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही जनसंपर्क अभियानों को प्रभावी बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठनात्मक तैयारियों को धार देने पर भी चर्चा हो रही है।

भाजपा नेतृत्व इस विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति के माध्यम से मिशन-2027 की तैयारियों का आकलन करने के साथ ही संगठन की प्राथमिकताओं और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करने में जुटा है। पार्टी का जोर सरकार की उपलब्धियों और संगठन की सक्रियता के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर चुनावी अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी बनाने पर है।

# कार्तिक पूर्णिमा से पहले यमुना तट पर चलाया सफाई अभियान

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व को देखते हुए समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति की ओर से रविवार को यमुना तट पर 172वें चरण का सफाई अभियान चलाया गया। संस्था के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) के नेतृत्व में सुबह आठ बजे शुरू हुए अभियान में सदस्यों ने स्नान स्थल और प्रतीक्षालय (बरामदे) से पॉलीथिन, प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा और अन्य अपशिष्ट एकत्रित कर हटाया। सफाई अभियान का उद्देश्य कार्तिक पूर्णिमा पर यमुना में स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि संगठन की ओर से लगभग एक दशक से जनहित में श्मशान घाटों, धार्मिक स्थलों, प्राचीन विश्राम स्थलों और पिंडदान स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। कार्तिक पूर्णिमा पर औरैया शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यमुना नदी में आस्था की डुबकी लगाने पहुंचते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियों में स्नान करना पुण्यदायी माना जाता है। इस अवसर पर भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना भी की जाती है।

उन्होंने कहा कि नदियां हमारी प्राकृतिक धरोहर और जीवन का महत्वपूर्ण आधार हैं। इनका संरक्षण करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। अभियान के समापन पर मौजूद लोगों ने यमुना तट को पॉलीथिन और प्लास्टिक मुक्त बनाने, स्वच्छ एवं निर्मल रखने तथा आमजन को जागरूक करने का संकल्प लिया।

इस दौरान बैंक से सेवानिवृत्त तेज बहादुर वर्मा, शेखर गुप्ता, अनिल कुमार सोनी, संजय अग्रवाल, राम आसरे गुप्ता, संतोष कुशवाहा, विनोद कुमार पोरवाल, शिखर बिश्नोई (लव), रामचंद्र सोनी, कुलदीप बाजपेई, अजय कुमार, रज्जन और रामप्रसाद सहित अन्य यमुना मैया के सेवादार मौजूद रहे।

# बारात चढ़ाते समय बग्गी में दौड़ा करंट, दो बैंडकर्मियों की मौत, एक घायल

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में थाना सिरसागंज क्षेत्र अन्तर्गत शनिवार देर रात बरात चढ़ते समय बग्घी में हाइटेंशन लाइन का करंट दौड़ने से दो बैंडकर्मियों की मौत हो गई। वहीं एक झुलस गया। दूल्हे ने बग्गी से कूदकर जान बचाई। पुलिस मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाई है।

थाना सिरसागंज क्षेत्र के गांव दौलतपुर बैजुआ में सर्वेश वाल्मीकि की बेटी निशा की बारात मथुरा के फरह से आई थी। शनिवार रात बरात गांव में घूम रही थी। इसी दौरान प्राथमिक स्कूल के पास बग्घी का ऊपरी हिस्सा वहां से गुजर रही 11 हजार वोल्टेज की लाइन से छू गया।जिससे बग्घी में करंट दौड़ गया। उसमें लगे दो घोड़े और उन्हें पकड़ कर चल रहे दो बैंडकर्मी झुलस गए। जिससे बैंडकर्मियों के साथ ही दोनों घोड़ों की भी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूल्हे ने बग्गी से कूदकर अपनी जान बचाई। इस घटना से बारात में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पहुंच गई। मृतक बैंडकर्मियों की पहचान पप्पू निवासी मियां बाजार और अकील निवासी नगला राधे थाना सिरसागंज के रूप में हुई है। घटना में एक अन्य बैंडकर्मी भी घायल हो गया। जिसे पुलिस ने उपचार के लिए सरकारी ट्रॉमा सेंटर भेजा है।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत जिलाधिकारी ने बूथों का किया निरीक्षण

# जिलाधिकारी ने युवा मतदाताओं से फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील की

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, मुरादाबाद :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत रविवार को विशेष अभियान दिवस पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने विधानसभा क्षेत्र मुरादाबाद नगर के अंतर्गत संयुक्त आयुक्त उद्योग कार्यालय परिसर में स्थापित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने तथा संशोधन के लिए प्राप्त किए जा रहे फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी अनुनय झा ने निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी पात्र नागरिकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त किए जाएं तथा किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाताओं से फार्म-6 प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र युवा पहली बार मतदाता के रूप में अपना नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज कराकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने कहा कि केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जबभी निर्धारित मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित हो तो पात्र नागरिकों से अपील है कि वे अपने निकटतम मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना नाम जांचें तथा आवश्यकता के अनुसार निर्धारित फार्म भरकर जमा करें। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय ठाकुरद्वारा प्रथम एवं सनातन धर्म हिन्दू इंटर कॉलेज, ठाकुरद्वारा स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ की उपस्थिति, प्राप्त किए जा रहे फार्म तथा विशेष अभियान दिवस के दौरान आयोग के निर्देशों के अनुपालन की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जनपद के सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों द्वारा भी विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

# आपका राशिफल 23 नवम्बर

**मेष** चू चे चो ला ली लू ले लो आ

स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

**वृष** इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** का की कू घ ङ छ के को हा

पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-3-5-6

**कर्क** ही हू हे हो डा डी डू डे डो

आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक 2 5 7

**सिंह** मा मी मू मे मो टा टी टू टे

व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सही समय का इंतजार करें। शुभांक-2-4-6

मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। शुभांक-1-3-5

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे यो

**तुला** रा री रु रे रो ता ती तू ते

लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल मुलाकात होगी। शुभांक 4 6 8

**वृश्चिक** तो ना नी नू ने नो य यी यू

जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभ समाचारों मिलेंगे। शुभांक-3-5-6

**धनु** ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आत्मचिन्तन करें। शुभांक-4-6-8

**मकर** भे जा जी खी शू शे शो गा गी

कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। समय पर देनदार भी पैसे लौटाने में आनाकानी करेंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** गू गे गो सा सी सू से सो दा

राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-2-4-5

**मीन** दी दू थ झ ञ दे ढो चा ची

व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना बड़ेगा। शुभांक 1 3 5

# गंगा में छोड़े गए 10 हजार मछलियों के बच्चे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया संचयन

**नईदुनिया राज्य ब्यूरो, हरिद्वारः** गंगा की प्राकृतिक मत्स्य संपदा बढ़ाने और जलीय जीवों के संरक्षण के उद्देश्य से रविवार को हरिद्वार के अमरापुर घाट पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगा में 10 हजार मत्स्य बीज छोड़े। इस पहल का उद्देश्य नदी में मछलियों की आबादी बढ़ाने के साथ जलीय जैव विविधता को प्रोत्साहित करना है।

मत्स्य विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा केवल आस्था का केंद्र नहीं है, बल्कि समृद्ध जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों का भी आधार है। नदी में मछलियों की संख्या बढ़ने से जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में मदद मिल सकती है। इसके लिए उपयुक्त प्रजातियों के मत्स्य बीजों का



संचयन किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों में पाए जाने वाले जलीय जीव और प्राकृतिक मत्स्य संपदा पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गंगा की निर्मलता, अविरलता और प्राकृतिक स्वरूप को सुरक्षित रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रदेश सरकार प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मत्स्य बीजों का संचयन भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि नदियों और उनमें रहने वाले जीवों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा विषय है। जल प्रदूषण रोकने और जलीय जीवों के प्राकृतिक आवास सुरक्षित रखने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने आमजन से गंगा सहित प्रदेश की सभी नदियों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधन आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर हैं। इनके संरक्षण के साथ विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र, उपजिलाधिकारी योगेश मेहरा, सहायक निदेशक मत्स्य गरिमा मिश्रा और नगर पुलिस अधीक्षक शिशुपाल सिंह नेगी सहित मत्स्य विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# युद्धाभ्यास के दौरान टैंक की चपेट में आने से यूपी के दो जवान बलिदान

**शामली।** हरियाणा के हिसार में भारतीय सेना के युद्धाभ्यास के दौरान हुए हादसे में उत्तर प्रदेश के दो जवानों की जान चली गई। शनिवार दोपहर भोजराज गांव के पास अभ्यास के दौरान एक टैंक दो जवानों के ऊपर से गुजर गया। हादसे में शामली निवासी नायक मनीष कुमार और बदायूं निवासी नायक अंकुश कुमार बलिदान हो गए। दोनों जवान अभ्यास के दौरान मोर्चे पर तैनात थे।

अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्र में सेना का नियमित युद्धाभ्यास चल रहा था। इसमें करीब 32 टैंक एक साथ आगे बढ़ रहे थे। भारी टैंकों के आवागमन से इलाके में धूल का घना गुबार उठ गया था। इससे दृश्यता काफी कम हो गई। इसी दौरान टैंक चालक को आगे तैनात दोनों जवान दिखाई नहीं दिए और टैंक उनके ऊपर से गुजर गया।

हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद सैन्य अधिकारियों और जवानों ने दोनों को संभाला और हिसार के सैन्य अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, गंभीर चोटों के कारण चिकित्सक उन्हें बचा नहीं सके। सूचना मिलने के बाद सेना के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके और अस्पताल पहुंचे। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजन पार्थिव शरीर लेने के लिए हिसार पहुंच गए हैं।

शामली जिले के भाज्जु गांव निवासी नायक मनीष कुमार के बलिदान की खबर से परिवार और गांव में शोक छा गया।

उनके पिता रामवीर सेना से सेवानिवृत्त हैं। मनीष परिवार के इकलौते बेटे थे। उनकी तीन बहनें हैं, जिनमें दो की शादी हो चुकी है, जबकि छोटी बहन ऋतु घर पर रहती है।

# बारात में जा रहे परिवार के टेंपो को बस ने रौंदा, सगी बहनों समेत चार की मौत

## गुरुग्राम से शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे परिवार के सदस्य, पांच वर्षीय बच्चे और उसकी मां ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ा

**नईदुनिया ब्यूरो, हाथरसः** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो सगी बहनें, एक महिला और पांच वर्षीय बच्चा शामिल हैं। परिवार के सदस्य गुरुग्राम से हाथरस में शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे। उनकी सवारी को पीछे से आ रही निजी बस ने टक्कर मार दी।

हादसा रविवार दोपहर करीब एक बजे जीटी रोड पर बिलार गांव के पास हुआ। टेंपो में सवार सभी लोग अलीगढ़ जिले के बरला थाना क्षेत्र के नगला गांव के रहने वाले थे। परिवार के सदस्य गुरुग्राम में काम करते थे और वहां से सिकंदराराऊ के नौरंगाबाद में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

सिकंदराराऊ के क्षेत्राधिकारी अमित पाठक के अनुसार, हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं। घायलों को दूसरे टेंपो और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर उपचार के लिए अलीगढ़ भेजा गया।

**उपचार के दौरान मां-बेटे की मौत:**

हादसे में दो सगी बहनों छोटी (38) और मोटी (40) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घायल पांच वर्षीय फहाद ने श्रद्धा अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उसकी मां शबीना (40) की हालत गंभीर होने पर उन्हें अलीगढ़ के जेएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया था। वहां उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई।


घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। इसके लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के दृश्य खंगाले जा रहे हैं।

पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

# हवाई हमले की चेतावनी, बमबारी और आगजनी का अभ्यास, योगी बोले- संकट से पहले होनी चाहिए तैयारी

**नईदुनिया राज्य ब्यूरो, लखनऊः** उत्तर प्रदेश में युद्ध जैसी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए रविवार को सभी 75 जिलों में हवाई हमले और अंधकार संबंधी अभ्यास किया गया। शाम छह बजे हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजाए गए। इसके बाद 10 मिनट तक बिजली बंद रखी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित अभ्यास का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि संकट आने पर कुआं नहीं खोदा जाता। प्यास लगने से पहले ही तैयारी होनी चाहिए, ताकि जन और धन की हानि रोकी जा सके।

लखनऊ पुलिस लाइन में मकान में आग लगने की स्थिति का अभ्यास किया गया। अग्निशमन सुरक्षा पोशाक पहने जवानों ने घर में फंसे व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला। कौशांबी में इमारत में आग लगने का दृश्य तैयार किया गया। पीलीभीत में तेज धमाकों की आवाज के बाद अंधकार की स्थिति बनाई गई। सहारनपुर में भगदड़ के दौरान लोगों के घायल होने और राहत दलों द्वारा उन्हें बचाने का अभ्यास हुआ।



प्रदेश के नागरिक सुरक्षा महानिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि सभी 75 जिलों में नागरिक सुरक्षा विभाग की ओर से यह अभ्यास किया गया। इसका उद्देश्य हवाई हमले की स्थिति में अंधकार संबंधी व्यवस्था को परखना था। साथ ही बमबारी से इमारतों के ढहने, लोगों के घायल होने और मलबे में फंसने जैसी परिस्थितियों से निपटने की तैयारी भी जांची गई। अभ्यास में पुलिस, नागरिक सुरक्षा, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल, अग्निशमन विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीमें शामिल हुईं। घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी परखी गई। बांदा के 300 बिस्तरों वाले सैय्या अस्पताल में शाम छह बजे दो मिनट तक चेतावनी सायरन बजाया गया। इसके बाद बिजली बंद कर दी गई। मरीजों, उनके परिजनों और अस्पताल कर्मचारियों ने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली। यहां करीब 300 स्वयंसेवकों सहित सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। आग बुझाने, मलबे से लोगों को निकालने और घायलों को वाहन से अस्पताल पहुंचाने का अभ्यास किया गया। गाजियाबाद के राजनगर विस्तार स्थित रिवर हाइट्स आवासीय परिसर में चौथी मंजिल पर फंसे घायल व्यक्ति को रस्सी और खाट पर बांधकर नीचे उतारने का अभ्यास किया गया। इसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। झांसी में संसाधनों की कमी की स्थिति से निपटने के लिए जवानों ने डंडे और चादर की मदद से अस्थायी स्ट्रेचर तैयार किया और घायलों को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रदर्शन किया। लखनऊ के मुख्य वार्डन अमरनाथ मिश्रा ने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए पहले से तैयारी जरूरी है।